Sugar production

563. SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI:
DR. MURLI MANOHAR JOSHI:

Will the Minister of FOOD be pleased to state:

(a) Whether the Minister has been making public announcement that the country will have bumper sugar production in 1994-95; if so, what is the estimate of sugar, produc tion and what are the factors on the basis of which such an assessment is being made; and

(b) whether it is a fact that Government propose to ban or restrict the production of Gur and if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI KALP NATH RAI): (a) It is expected that sugar production during 1994-95 sugar season would be substantially higher than the current season. However, it is too early to provide exact estimates at this stage. Sugar factories and State Governments have been asked to furnish the estimates of sugar production for the season 1994-95.

(b) The Government does not have any proposal for the present to ban or restrict the production of Gur. However, in order to augment sugar production, State Governments have been advised to ensure that sugarcane meant for sugar factories does not get diverted for gur/khandsari manu-facture.

मध्य प्रदेश में चीनी का उत्पादन

564. श्री अजीत जोगी: : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सितम्बर, 1993 तक देश में चीनी के कुल उत्पादन में मध्य प्रदेश का कुल योगदान कितना था ;

(ख) गत वर्ष की तुलना में चीनी उत्पादन में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में चीनी का कुल कितना उत्पादन हुआ है; और

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और इस क्षेत्र में इस समय कार्य कर रही अन्य कम्पनियों द्वारा लगाए गए खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की वर्तमान अनु-मानित लागत कितनी है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री(श्री कल्प नाथ राय) : (क) चीनी मौसम 1992-93 (अक्तूबर-सितम्बर) के दौरान देश में उत्पादित 106.09 लाख टन चीनी में से मध्य प्रदेश की चीनी मिलों ने 0.60 लाख टन चीनी का उत्पादन किया।

(ख) और(ग) चालू मौसम 1993-94 (अक्तूबर-सितम्बर) के दौरान 22 जून, तक मध्य प्रदेश में पिछले मौसम 1992-93 के दौरान इसी तारीख तक 0.57 लाख टन (अनंतिम) की तुलना में 0.37 लाख टन (अनंतिम) चीनी का उत्पादन हुआ। अत: 1993-94 मौसम के दौरान चीनी के उत्पादन में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

पिछले तीन चीनी वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में चीनी के उत्पादन के संबंध में सूचना निम्न प्रकार है :—

चीनी वर्ष (अक्तूबर-सितंबर)	चीनी का उत्पादन (लाख टन)
1990-91	1.03
1991-92	1.28
1992-93	0.60

(घ) जहां तक चीनी उद्योग का संबंध है, 2500 टी.सी.डी. प्लांट की परियोजना लागत लगभग 38 करोड़ रुपए है।